भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1090

03.12.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

सभी राज्यों में विदेश भवन

1090. श्री ई.टी मोहम्मद बशीर:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विदेश मंत्रालय के सभी अधीनस्थ कार्यालयों और संबद्ध मामलों को एक छत के नीचे लाने के लिए सभी राज्यों की राजधानियों में वन स्टॉप संगठन के रूप में विदेश भवन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) और **(ख)** विदेश मंत्रालय (एमईए) का एक एकीकृत कार्यालय परिसर अगस्त 2017 में मुंबई में स्थापित किया गया था। मुंबई में विदेश मंत्रालय के चार कार्यालय अर्थात् (i) पासपोर्ट कार्यालय, (ii) उत्प्रवासी महासंरक्षक कार्यालय, (iii) आईसीसीआर के क्षेत्रीय निदेशक का कार्यालय और (iv) शाखा सचिवालय, मुंबई में नए परिसर में कार्य कर रहे हैं।

बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, कोलकाता और लखनऊ स्थित पासपोर्ट कार्यालय भवनों का निर्माण/नवीनीकरण किया जा रहा है।

***